

**Shri Naveen Jain (Mayor)**



**Shri Arun Prakash**
**(Municipal Commissioner)**



**Shri Kunwar Bahadur Singh**
**(Additional Municipal Commissioner)**



**Agra Nagar Nigam Near Sur Sadan, M.G.Road, Agra**
**E-Mail-amcagra1@gmail.com**

माह जून 2019 में आगरा नगर निगम की आई.ई.सी. टीम ने इण्डिया राइजिंग के साथ मिलकर वॉल पेटिंग कर लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया।
















## विश्व पर्यावरण दिवस पर आगरा नगर निगम द्वारा विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर निम्नवत् कार्यक्रम आयोजन किया गया -

1. दिनांक 05.05.2019 को विश्व पर्यावरण दिवस पर आगरा नगर निगम की टीम व शिवालिक स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा सै0 07 आवास विकास कॉलोनी में लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया, जिसमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करना, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने, कूड़े में आग न लगाना आदि हेतु जागरूक किया गया। साथ ही यहाँ उपस्थित लोगों द्वारा वृक्षारोपण किया गयें।


























2. आगरा नगर निगम की टीम व वी सैल्फ डिपेन्ड एरिया लेवल समिति की अध्यक्ष श्रीमती नीलम सिसरा जी के साथ मिलकर जमुनापार प्रकाश नगर मैमोरियल स्कूल में विद्यार्थियों एवं वहाँ उपस्थित स्टाफ को स्वच्छता का संदेश दिया, जिसमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करना, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने, कूड़े में आग न लगाना, पॉलीथीन/प्लास्टिक का प्रयोग न करने आदि हेतु जागरूक किया गया। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों को वृक्षारोपण किये जाने हेतु पौधे दिये गयें।





3. आगरा नगर निगम की टीम व अन्फोल्ड फाउडेंशन की अध्यक्ष डॉ0 मीता कुल्श्रेष्ठ व इंडियन मेडिकल असोसिएशन की सदस्य डॉ0 अल्का कपूर, श्रीमती रश्मी एवं श्रीमती पूजा अग्रवाल के साथ मिलकर पालीवाल पार्क में लोागें को स्वच्छता का संदेश दिया, जिसमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करना, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने, कूड़े में आग न लगाना, पॉलीथीन/प्लास्टिक का प्रयोग न करने आदि हेतु जागरूक किया गया तथा प्लास्टिक का रियूज करने हेतु उससे कई प्रकार की सामग्री (स्टूल, फर्नीचर आदि) बनाये जाने के तरीके बताकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।












4. आगरा नगर निगम की टीम ने उ0प्र0 पूअर पर्यटन विकास परियोजना के साथ मिलकर निःशुल्क वाहन प्रदूषण जाँच शिविर के अन्तर्गत कछपुरा में पॉलीथीन का प्रयोग न करने हेतु एवं स्वच्दता रखने हेतु रैली निकाली गयी तथा लोगों को गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रखने, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने, कूड़े में आग न लगाना, पॉलीथीन/प्लास्टिक का प्रयोग न करन, डोर-टू-डोर कलेक्शन आदि हेतु जागरूक किया गया तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अन्तर्गत बच्चो के साथ ड्राइंग प्रतियोगिता करायी गयी एवं वृक्षारोपण भी कराया गया।




विश्व पर्यावरण दिवस


उ. प्र. प्रो–पूअर पर्यटन विकास परियोजना
(विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित)
विश्व पर्यावरण
स्थान:– कच्छपुरा, आगरा
दिनांक:– 5 जून
प्रात: 8 बजे
परियोजना क्रियान्वयन
आयोजक संस्था:–






विश्व पर्यावरण दिवस


विश्व पर्यावरण दिवस
के अवसर पर
वृक्षारोपण महाकुम्भ
2019
विश्व पर्यावरण दिवस
(05 जून 2019)
आइये, वायु प्रदूषण खत्म करें
Beat Air Pollution
CHINA
2019
GAILANA
RK PURAM
CHANDRA NAGAR
SULABH VIHAR
Unnamed Road, Chandra Nagar, Kakraita, Agra, Uttar Pradesh 282007, India
Agra
Uttar Pradesh
India
2019-06-05(Wed) 09:46(am)
37°C
99°F




आयोजक संस्था:– आदर्श सेवा




विश्व पर्यावरण दिवस
स्वच्छ
सर्वेक्षण 2020
हमें चाहिए
स्वच्छ, सुन्दर
व शुद्ध हवा
आगरा नगर निगम



5. आगरा नगर निगम टीम द्वारा शमशाबाद रोड ए.डी.ए. पार्क में नई पहल सेवा समिति के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग प्रजातियों के वृक्ष लगाये गयें। साथ ही यहाँ उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया, जिसमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करना, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने, कूड़े में आग न लगाना, पॉलीथीन/प्लास्टिक का प्रयोग न करने आदि हेतु जागरूक किया गया।





6. आगरा नगर निगम टीम ने शहरी आजीविका केन्द्र के साथ मिलकर आगरा महानगर क्षेत्र के अन्तर्गत कुछ सामुदायिक शौचालयों के आस-पास वृक्षारोपण किया गया और आगरा नगर निगम की टीम द्वारा लोगों को पर्यावरण के संबंध में जागरूक करते हुये अधिक से अधिक पौधे लगाने की सलाह भी दी गयी। साथ ही लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया, जिसमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करना, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने, कूड़े में आग न लगाना, पॉलीथीन/प्लास्टिक का प्रयोग न करने आदि हेतु जागरूक किया गया।












7. आगरा नगर निगम टीम एवं ग्रीन हैण्ड्स संस्था के साथ मिलकर जीवन ज्योति हॉस्पीटल में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। साथ ही यहाँ उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया, जिसमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग करना, घर से निकलने वाला किचन वेस्ट (गीला कचरा) से घरों में खाद्य बनाने एवं खाद्य बनाने की विधि बतायी गयी, कूड़े में आग न लगाना, पॉलीथीन/प्लास्टिक का प्रयोग न करने आदि हेतु जागरूक किया गया।





## आगरा नगर निगम की टीम द्वारा मई माह में अतिक्रमण के लिये की गयी कार्यवाही

### हटाये गये अवैध अतिक्रमण का स्थल/स्थान

**दिनांक 03.06.2019**:- वाटर वर्क्स चौराहे से सब्जी मण्डी तक बल्केश्वर में नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, एस. एफ.आई श्री आदित्य पाण्डे, के सहयोग से कर्नल ए0के सिंह (से0नि0) के नेतृत्व पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे 20 से भी ज्यादा दुकानो पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे लगभग **2.2 कि0ग्रा0** पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य सामान जब्त किये और **रू0 22,400/-** की धनराशि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया। तथा भविष्य मे पॉलीथीन कैरी बैग, थर्माकॉल आदि का प्रयोग न करने की सख्त से सख्त चेतावनी दी।





**दिनांक 04.06.2019**:- भगवान टॉकिज चौराहे से नगला पदी चौराहे तक तथा भगवान टॉकिज चौराहे से कौशलपुर रोड पर स्थित मौर्या नर्सिंग होम तक नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, एस.एफ.आई श्री राजीव यादव, के सहयोग से कर्नल ए0के सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे 30 से भी ज्यादा दुकानो पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे लगभग 5.2 कि0ग्रा0 पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य सामान जब्त किये और रू0 53,000/- की धनराशि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया।






**दिनांक 06.06.2019:–** जामा मस्जिद, पुलिस चौकी से छत्ता बाजार, दरेसी नं0 2 तक नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, सहायक नगर आयुक्त महोदय, श्री अनुपम :ुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), जेड0एस0ओ0 श्री सुरेन्द्र सिंह यादव, एस.एफ.आई श्री इन्द्रपाल सिंह एंव पुलिस बल के प्रयोग से पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। इसमें 30 से भी ज्यादा दुकानो और गोदामों में छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे लगभग 4.7 कि0ग्रा0 पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य सामान जब्त किये और प्रतिबन्धित पालिथीन का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज रू0 20000/-वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है कि अतिक्रमण अभियान के दौरान रू0 41000 का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया।





**दिनांक 07.06.2019:–** नाई की मण्डी क्षेत्र में मीरा हुसैनी चौराहे पर नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, सहायक नगर आयुक्त महोदय, श्री अनुपम शुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), ए.सी.एम सिटी (5) श्री अवधेष कुमार श्रीवास्तव, जेड0एस0ओ0 श्री सुरेन्द्र सिंह यादव, एस.एफ.आई श्री इन्द्रपाल सिंह एंव पुलिस बल के सहयोग से पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। छापे के दौरान अभियान मे गोदाम से लगभग 3.5 कुन्तल पॉलिथीन के पैकेट बरामद किये और नगर निगम आगरा मे जमा कराते हुये 75000 रू0 का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया। साथ ही रामबाग चौराहे पर भी पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया चलाये गये चलाये गये अभियान में स्थानीय दुकानदारो द्वारा प्रयोग किये जा रहे प्रतिबन्धित पॉलिथीन पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे लगभग 1.7 कि0ग्रा0 पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य सामान जब्त किये और प्रतिबन्धित पॉलिथीन का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज रू0 17000/-वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया। इस प्रकार नगर निगम कोष में रू0 92,000.00 की धनराशि जमा की गयी






**दिनांक 08.06.2019**:– टेडी बगिया चौराहे के आस पास तथा 100 फुटा रोड पर प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथीनों का स्थानीय दुकानदारों द्वारा किये जा रहे विक्रय के विरूद्ध नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल/एनफोर्समेन्ट टॉस्क फोर्स के सहयोग से सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व मे छापामार कार्यवाही की गयी। छापे के दौरान वहॉ के स्थानीय दुकानदारों से 600 ग्राम पॉलिथीन जब्त करते हुये रू-8000/- का शमन शुल्क नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया।






**दिनांक 09.06.2019**– बोदला चौराहे के आस पास तथा बोदला चौराहे से वर्मा डेरी बिचपुरी रोड स्थानीय नागरिकों/दुकानदारों द्वारा किये गये अवैध स्थायी/अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलीथीनों का स्थानीय दुकानदारों द्वारा किये जा रहे विक्रय को रोकने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल/जेड.एस.ओ श्री राम चौरसिया, एस.एफ.आई श्री संजीव यादव, श्री मनोज कुमार, श्री रोहित कुमार तथा पुलिस बल के सहयोग से सहायक नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान की कार्यवाही के दौरान 30 अस्थायी अतिक्रमणो को ध्वस्त करते हुये 920 ग्राम पॉलीथीन को जब्त किया तथा स्थानीय दुकानदारो से पॉलीथीन के विरूद्ध वसूला गया शमन शुल्क रू0 17,000/- रोड पर भट्टी मे आग लगाये जाने के विरूद्ध :ामन :ाुल्क रू0 10,000/- तथा अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध शमन शुल्क रू0 1,72,500/- कुल शमन शुल्क/यूजर चार्ज रू0 1,99,500 की धनराशि का शमन शुल्क नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया।





**दिनांक 10.06.2019** – 10.06.2019 को ट्रांन्स यमुना कॉलोनी फेस 2, मे नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, सहायक नगर आयुक्त महोदय, श्री अनुपम शुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), एस.एफ.आई श्री डी.के. अग्रवाल के सहयोग से पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में 20 से भी ज्यादा दुकानों पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे लगभग 9.3 कि.ग्रा पॉलिथीन कैरी बैग और प्लास्टिक के अन्य सामान जब्त किये तथा 41000 रू0 का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है कि देहली गेट पुष्पांजलि हॉस्पीटल में एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह के सहयोग से मेडिकल स्टोरो पर छापा मारा और 15 कि.ग्रा पॉलिथीन जब्त की साथ ही रू0 35000 का जुर्माना वसूल किया साथ ही एम.जी.रोड पर स्थित भगत हलवाई कि दुकान पर छापा मारते हुये लगभग 5 कि.ग्रा. पॉलिथीन और प्लास्टिक का सामान जब्त करते हुये 25000 रू0 की धनराशि तथा मुगल रोड स्थित के.टी.एल मारूती डीला द्वारा नाले पर की जा रही अवैध पार्किंग के विरूद्व जुर्माना रू0 5000-/ शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल करते हुये नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया इस प्रकार रू0 1,06,000 की धनराशि नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया





**दिनांक 11.06.2019**– कृपया आज दिनांक 11.06.2019 को घटिया आजम खॉ बाजार, आगरा मे, प्रवर्तन दल, सहायक नगर आयुक्त महोदय, श्री अनुपम शुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), के नेतृत्व में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में 30 से भी ज्यादा दुकानों पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे पॉलिथीन कैरी बैग और प्लास्टिक के अन्य सामान जब्त किये तथा एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह द्वारा रू0 10,000/- एस.एफ.आई श्री राजीव यादव द्वारा रू0 5,000/- तथा एस.एफ. आई श्री अनिल कुमार द्वारा रू0 6,000 का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूला कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया। इस प्रकार नगर निगम कोष में रू0 21,000.00/- की धनराशि जमा की गयी। साथ ही अवगत कराना है कि नरोत्तम कुंज पार्क, डिफेन्स कॉलोनी, मधुनगर आगरा मे प्रवर्तन दल, सहायक अभियन्ता श्री किशोरी सिंह, अवर अभियन्ता श्री :ोभाराम मगरैया के सहयोग से कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया। चलाये गये अभियान में पार्क के अन्दर अवैध रूप से बने स्थायी मकान को ध्वस्त किया। और मलवे को नगर निगम आगरा के स्टोर (निर्माण) मे जमा कराया।





**दिनांक 12.06.2019**- देवरी रोड एंव बुन्दुकटरा क्षेत्र में प्रतिबन्धित थर्माकॉल/प्लास्टिक/पॉलीथीनों का स्थानीय नागरिकों द्वारा किये जा रहे विक्रय के विरूद्ध नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, सहायक नगर आयुक्त महोदय श्री अनुपम शुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में जेड.एस.ओ श्री महेन्द्र सिंह, एस.एफ.आई श्री राजबहादुर व श्री कुलदीपक सिंह एंव अभियन्त्रण विभाग नगर निगम आगरा के अवर अभियन्ता श्री पवन कुमार एंव सुपरवाईजर श्री विनोद कुमार पाठक तथा पुलिस बल के सहयोग से औचक छापामार कार्यवाही की गयी। की गयी कार्यवाही में श्री सुमित गुप्ता पुत्र स्व0 श्री दिनेश गुप्ता, भवन संख्या-37/05, नगला भूरी सिंह बुन्दुकटरा पर बने गोदाम में 13.20 कुन्तल प्रतिबन्धित थर्माकॉल/प्लास्टिक के गिलास/पॉलीथीन सामग्री पायीं गयी, जिनको तत्काल जब्त करते हुये वर्णित भवन स्वामी श्री सुमित गुप्ता पुत्र स्व0 श्री दिनेश गुप्ता के विरूद्ध उक्त प्रतिबन्धित सामग्री के भण्डारण एंव विक्रय के आरोप मे थाना सदरबाजार आगरा मे एफ.आई.आर (प्रथम सूचना रिर्पोट) दर्ज करायी गयी। साथ ही चलाये गये अभियान मे कुल प्रतिबन्धित थर्माकॉल/ प्लास्टिक के गिलास/पॉलीथीन मात्रा 2308.2 किलो जब्त कराते हुये जेड.एस.ओ श्री महेन्द्र सिंह द्वारा रू0-1,36,000/- का शमन शुल्क, एस.एफ.आई श्री कुलदीपक सिंह द्वारा रू0-45,000/- शमन शुल्क, कुल शमन शुल्क/यूजर चार्ज रू0-1,81,000/- की धनराशि वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा करायी गयीं।






**दिनांक 13.06.2019**– 13.06.2019 को शैल्टर होम, खन्दारी क्षेत्र आगरा मे, प्रवर्तन दल, सहायक नगर आयुक्त महोदय, श्री अनुपम शुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), के नेतृत्व में जेड.एस.ओ श्री डी0आर सिसौदिया, एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह, एंव अभियन्त्रण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री किशोरी सिंह के सहयोग से पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में 30 से भी ज्यादा दुकानों पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे पॉलिथीन कैरी बैग और प्लास्टिक के अन्य सामान जब्त किये तथा रू0 13,000/- का शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है कि सेक्टर 5, आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा आगरा मे प्रवर्तन दल, एस.एफ.आई श्री प्रकाश सिंह, श्री संजीव सिंह एंव अभियन्त्रण विभाग के अवर अभियन्ता श्री आकाशदीप के सहयोग से कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे सडक पर हो रहे अवैध स्थायी/अस्थायी अतिक्रमणो को हटवाया गया तथा सडक पर रखे बिल्डिंग मैटेरियल को हटाने की चेतावनी दी एंव रू0 50,000/- का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया। इस प्रकार कुल रू0 63,000/- की धनराशि का शमन शुल्क नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया।





**दिनांक 14.06.2019**– न्यू आगरा थाने से नगला पदी क्षेत्र तक नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल सहायक नगर आयुक्त महोदय श्री अनुपम शुक्ला, कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में एस0एफ0आई श्री राजीव यादव के सहयोग से पॉलिथिन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में दुकानो और गोदामो पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान में गोदाम से प्रतिबन्धित पॉलिथीन/प्लास्टिक के गिलास/थर्माकॉल उक्त साम्रगी लगभग 3.6 कुन्तल जब्त कराते हुये रू0 71,000.00 की धनराषि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूला।





**दिनांक 15.06.2019**– मदीना होटल से जाने वाले महावीर नाले के ऊपर एंव परिधि मे किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल/एन्फोर्समेन्ट टॉस्क फोर्स, आर.आई श्री वैभव यादव, जेड.एस.ओ श्री सुरेन्द्र सिंह जिला प्रशासन, अभियन्त्रण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री महेन्द्र कुमार जैन, पुलिस प्रशासन तथा क्षेत्राधिकारी कोतवाली के सहयोग से सिटी मजिस्ट्रेट, महोदय एवं अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में स्थानीय नागरिको द्वारा अवैध 12 स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया।





**दिनांक 18.06.2019**– मदीना होटल से जाने वाले महावीर नाले के ऊपर एंव परिधि मे किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, कर्नल ए.के.सिंह (से0नि0), मुख्य कर निर्धारण अधिकारी महोदय श्री ए.के.सिंह, जेड.एस.ओ श्री सुरेन्द्र सिंह, अभियन्त्रण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री महेन्द्र कुमार जैन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा क्षेत्राधिकारी कोतवाली के सहयोग से सिटी मजिस्ट्रेट महोदय के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में स्थानीय नागरिको द्वारा अवैध 11 स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया





**दिनांक 19.06.2019**– न्यू आगरा, नगला पदी, दयालबाग क्षेत्र मे नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल कर्नल ए.के.सिंह (से0नि0), के नेतृत्व में, निकायतकर्ता राजीव पुत्र जयन्ती निवासी नगला पदी की शिकायत पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में अवैध रूप से लगाये गये सब्जी की दुकानों और ठेलो को हटाया गया। साथ ही अवगत कराना है कि भगवान टाकिज चौराहे से नगला पदी, न्यू आगरा तक नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल, कर्नल ए.के सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। एस.पी.सिटी (यातायात) श्री प्रशांत कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी महोदय श्री ए.के.सिंह, एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह, श्री राजीव यादव, अभियन्त्रण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री कि-ोरी सिंह, अवर अभियन्ता पी.एस. निरंजन का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान मे 30 से भी ज्यादा स्थायी दुकानो के आगे बने अवैध रैम्प, टीन शेड और खोखो, पार्किगं स्थलों को ध्वस्त किया और रू0 1,83,000/– की धनराशि का शमन शुल्क नगर निगम कोष मे जमा कराया गया।







**दिनांक 20.06.2019**– रात्रि 10.00 बजे से फतेहाबाद रोड पर अग्रसेन चौराहे से अमर होटल तक आगरा नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल, कर्नल ए.के सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में यूनीपोल को हटाने का अभियान चलाया गया। अवर अभियन्ता (ट्रैफिक) श्री अमित कुमार एंव विज्ञापन दल का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में मानको के विपरीत बनाये गये 30 यूनीपोलों को चिन्हांकन किया गया एंव 7 यूनीपोलो को हटाया गया।





**दिनांक 24.06.2019**– अर्जुन नगर मोड से सब्जी मण्डी तक नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। जेड.एस.ओ श्री महेन्द्र सिंह, सी.एस.एफ. आई श्री अमान शाहिद, एस.एफ.आई श्री संजीव यादव, का सहयोग रहा। चलाये गये अभियान में दुकानों और गोदामों पर छापा मारा। छापे के दौरान स्थानीय दुकानदारों द्वारा प्रयोग किये जा रहे 1.7 कि.ग्रा प्रतिबन्धित थर्माकॉल/प्लास्टिक के गिलास/पॉलीथीन अन्य सामान जब्त किये और नगर निगम आगरा मे जमा कराते हुये रू0 17,000/- का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम कोश मे जमा कराया गया।




**दिनांक 25.06.2019**– कृष्णाकुंज कॉलोनी, हलवाई की बगीची क्षेत्र मे नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे औचक छापा मारा गया। एस.एफ.आई श्री प्रका-ा सिंह का सहयोग रहा। छापे के दौरान अवैध रूप से चल रहे पेठे के कारखाने पर गन्दगी फैली हुयी थी एंव भट्टी मे आग जली हुयी पायी गयी और 700 ग्राम प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग करते हुये पाया गया। पॉलिथीन को जब्त करते हुये कुल रू0-50,000/- शमन शुल्क/यूजर चार्ज वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया। साथ ही बाबरपुर सिकन्दरा क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे नाले के निर्माण कार्य कराया गया। अभियन्त्रण विभाग के अवर अभियन्ता श्री विजय गोयल का सहयोग रहा। स्मार्ट सिटी के तहत बन रहे नाले की खुदाई का कार्य पूर्ण कराया गया।





**दिनांक 26.06.2019**– नवीन गल्ला मण्डी समिति स्थल पर प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथीनों थर्माकॉलों का स्थानीय दुकानदारों द्वारा किये जा रहे विक्रय के विरूद्ध नगर निगम आगरा के सहायक नगर आयुक्त महोदय और प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे एस.एफ.आई श्री डी0के0अग्रवाल के सहयोग से पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान के दौरान वहॉ के स्थानीय दुकानदारों से 700 ग्राम पॉलिथीन जब्त करते हुये रू-7000/- का शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया।





**दिनांक 27.06.2019**– विजय नगर जीवनी मण्डी आगरा मे नगर निगम आगरा के सहायक नगर आयुक्त महोदय, के नेतृत्व में प्रतिबन्धित पॉलीथीन के गोदाम पर औचक छापामार कार्यवाही की गयी। छापे के दौरान गोदाम मे 57.72 कुन्तल प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकॉल/प्लास्टिक के गिलास साम्रगी पायी गयी, जिनको तत्काल जब्त करते हुये एस.एफ. आई श्री राजीव यादव द्वारा रू0 30,000/- का शमन शुल्क वसूला गया साथ ही बजीरपुरा स्थित पाल मार्केट बजीरपुरा में अपोलो बेकर्स और जनरल स्टोर पर कर्नल ए0के0सिंह के नेतृत्व में सी.एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह के सहयोग से छापा मारा गया। छापे के दौरान दोनो दुकानों पर छापेमारी करते हुये 8.5 कुन्तल प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकॉल/प्लास्टिक के गिलास आदि सामान को तत्काल प्रभाव से जब्त किया गया तथा दोनो दुकानों से रू0 50,000/- का शमन शुल्क वसूला और नगर निगम आगरा में कुल रू0 80,000/- का शमन शुल्क वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया।





**उ0प्र0 प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (विनियमन) अधिनियम, 2000 एवं अधिसूचना दिनांक 15 जुलाई, 2018 के तहत निर्गत माह जून 2019 में की गयी कार्यवाही-**

| जप्त की गयी कुल सामग्री | कुल जुर्माना (रू0) |
|---|---|
| 11089 किलो 520 ग्राम | 10,14,000.00 |

**कर्मचारी सेवानिवृत्ति** : नगर निगम, आगरा में कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके सेवानिवृत्ति उपरान्त देय भुगतानों के लिए एवं पेंशन स्वीकृति के लिये कार्यालय के चक्कर लगाना न पडे। इस हेतु नगर निगम, आगरा द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके समस्त देयों के भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 ससम्मान विदाई समारोह आयोजित करके हस्तगत किये जाते हैं।

माह जून 2019 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 30.06.2019 को सेवानिवृत्त देय भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 वितरित किये गये। कुल 5 सेवानिवृत्त कर्मचारी को विदाई समारोह में फूलमाला एवं शॉल पहना कर सम्मानित किया गया और कुल धनराशि रू. 64,62,971.00 का चैक वितरण किया गया।